प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 20.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद रांची के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान में दो दिवसीय किसान मेला का करेंगे शुभारंभ, कृषि मंत्री भी रहेंगी मौजूद।
- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में राज्य सरकार पर फिर साधा निशाना, कहा– आदिवासी अस्तित्व बचाने के लिए वे जल्द करेंगे उलगुलान की शुरुआत।
- महाकुंभ के मद्देनजर हाजीपुर के रेल महाप्रबंधक ने धनबाद समेत सभी मंडल रेल प्रबंधकों के साथ की बैठक, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उठाये जा रहे कदमों की समीक्षा की।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में हुई बारिश, सरायकेला में आंधी–तूफान से कई पेड़ टूटे, विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के नौवें संस्करण में आज दोपहर ढाई बजे से दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम का मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

*******************

रांची के नामकोम स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान की ओर से दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज इसका उदघाटन करेंगे। मौके पर राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी मौजूद रहेंगी।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। सरायकेला में पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि वे बहुत जल्द राज्य के आदिवासियों का अस्तित्व बचाने के लिए उलगुलान की शुरुआत करने वाले हैं।

*******************

जमशेदपुर पश्चिम से जदयू विधायक सरयू राय ने बोकारो स्टील प्लांट के ऐश पोंड से छाई युक्त पानी कूलिंग पाउंड में प्रवाह होने का मामला विधानसभा में उठाने की बात कही है। श्री राय बोकारो में मीडिया से बात कर रहे थे।

*******************

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने हाजीपुर से सभी पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से महाकुंभ के दौरान स्टेशनों और ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने, कुंभ स्पेशल ट्रेनों के परिचालन सहित यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की गई। बैठक के बाद धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

*******************

इधर, महाकुंभ को लेकर बोकारो रेलवे स्टेशन पर भी भारी भीड़ उमड़ रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गयी है। डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया कि पुलिस स्थितियों पर पैनी नजर रख रही है।

*******************

भारतीय जनता पार्टी की नेता रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो भी शामिल हुए। वे आज दिल्ली में एनडीए और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी मिलेंगे और झारखंड की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करेंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

गिरिडीह जिले में आज दो अलग– अलग सड़क दुर्घटनाओ में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी जबकि एक घायल हुआ है। गिरिडीह– धनबाद पथ पर वनांचल कॉलेज के पास दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों शवों के साथ सड़क पर प्रदर्शन किया। राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि सरकारी प्रावधान के मुताबिक मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

दूसरी घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र में प्रतापपुर के पास हुई, जहां सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में जिले के गम्हरिया प्रखंड के जयकान पंचायत भवन सचिवालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पद्मश्री छुटनी महतो ने लोगों से इस सामाजिक कुरीति से एकजुट होकर लड़ने की अपील की।

*******************

पलामू टाइगर रिजर्व में अधिकारियों की कमी से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम में बदलावा आया है। रांची, रामगढ़, बोकारो और जामताड़ा में आज सुबह से रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने 22 फरवरी तक गरज के साथ बारिश और वज्रपात का औरेंज अलर्ट जारी किया है।

*******************

उधर, सरायकेला खरसांवा जिला मुख्यालय में आंधी–तूफान और बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। आंधी तूफान से नगर क्षेत्र में कई पेड़ों की टहनियां टूट गई हैं जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। मुख्यालय के साप्ताहिक हाट बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के किनारे बिजली का एक पोल भी उखड़ गया है, जिससे नगर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई है।

*******************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के नौवें संस्करण में रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम का मुकाबला आज दोपहर दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा।

*******************

संक्षिप्त खबरें–

- आज अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम का स्थापना दिवस है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दोनों राज्यों के नागरिकों को बधाई दी है।
- झारखंड जगुआर का 17 वां स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर के कैंप में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी अनुराग गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।
- राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शर्मा मार्केट में आज सुबह अचानक भीषण आग लग गई। दमकलकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

***************